स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 30.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह जोन 04 में चल रहे विकास कार्यों, मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह के द्वारा जोन–04 शिवाजी नगर कार्यालय पहुंचकर जोन आयुक्त, सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी, एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ चल रहे विकास कार्यों, मतदान केन्द्रो, साफ–सफाई व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

श्री सिंह के द्वारा वार्ड 39 पुरैना का भ्रमण करते हुए चल कार्यों से अवगत हुए एवं उपस्थित ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें। तथा कार्य में गति लावें। छठ पर्व को लेकर तालाब का भ्रमण करते हुए जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया कि पूर्व कि भांति तालाब में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। मतदान केन्द्र में निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देश के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करें।

जनसम्पर्क अधिकारी